Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में राजस्व पटवारी 10 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *28 जनवरी*/ ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज शुक्रवार को हनुमानगढ़ में कार्यवाही करते हुये श्री मंगल विकास, पटवारी पटवार मण्डल कुंजी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरी कृषि भूमि का इंतकाल चढवाने की एवज में ग्राम कुंजी के पटवारी श्री मंगल विकास द्वारा 10 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर **भ्र.नि.ब्यूरो बीकानेर** के **पुलिस अधीक्षक श्री गगनदीप सिंगला** के निर्देशन में एसीबी हनुमानगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेजपाल** द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक सुभाषचन्द्र** एवं उनकी टीम द्वारा हनुमानगढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुये मंगल विकास पुत्र विजय कुमार जाति ब्राह्मण निवासी परलिका तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़, हाल पटवारी, पटवार मण्डल कुंजी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 10 हजार **रूपये की रिश्वत** राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।